## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–18.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. पांचवे चरण में कोडरमा, चतरा और हजारीबाग लोकसभा सीट तथा गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए आज शाम 5 बजे थम जाएगा प्रचार का शोर, डोर –टू– डोर कैंपेनिंग करेंगे प्रत्याशी।
2. राज्य में 14 सीटों के लिए 31 महिला और 1 ट्रांसजेंडर समेत 244 प्रत्याशी चुनावी मैदान में आजमा रहे किस्मत, 45 उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम में हो चुका है लॉक।
3. दुमका से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रही सीता सोरेन और राजमहल से निर्दलीय प्रत्याशी तथा विधायक लोबिन हेंब्रम को झामुमो ने 6 वर्षों के लिए पार्टी से किया निष्कासित।
4. राज्य में 8 से 16 जून के बीच मॉनसून देगा दस्तक, अच्छी बारिश के आसार, मौसम विभाग ने मॉनसून को लेकर जारी किया पहला अपडेट।
5. पहली रांची हॉकी लीग के महिला वर्ग में हॉकी गुमला और सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस बरियातू, रांची ने दर्ज की शानदार जीत।

*********************

पांचवें चरण में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग लोकसभा सीट तथा गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए चल रहे चुनाव प्रचार का शोर आज शाम पांच बजे थम जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी डोर टू डोर कैंपेनिंग कर मतदाताओं से संपर्क कर सकेंगे । इन सभी सीटों के लिए बीस मई को वोट डाले जाएंगे। इन तीन सीटों के लिए होनेवाले चुनाव को लेकर सुदूर इलाकों में अवस्थित मतदान केंद्रों के लिए मतदान सामग्रियों के साथ पोलिंग पार्टियां आज रवाना होंगी।

*********************

राज्य के चौदह लोकसभा सीटों के लिए चल रही निर्वाचन प्रक्रिया में दो सौ चवालीस प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें दो सौ बारह पुरुष, इकतीस महिलाएं तथा एक ट्रांसजेंडर शामिल हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि 2019 के चुनाव में प्रत्याशियों की संख्या दो सौ उनतीस थी। इस तरह इस बार प्रत्याशियों की संख्या में पंद्रह का इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि तेरह मई को चौथे चरण में झारखंड के सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू के लिए हुए चुनाव में पैंतालीस प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हो चुकी है। पांचवें चरण में हज़ारीबाग़, चतरा और कोडरमा के लिए 20 मई को होने वाले चुनाव में 56 प्रत्याशी मैदान में हैं।

*********************

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रामगढ़ जिले में बीस मई को होने वाले मतदान को लेकर उपायुक्त सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक कर कई आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को एक्टिव मोड में रहने और मतदाताओं के मोबालाइलेजशन की दिशा में सभी जरुरी कदम उठाने को कहा।

*********************

दुमका लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जामताड़ा जिले में चुनाव को लेकर तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुमुद सहाय ने बताया कि स्वीप के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक करने के लिए लगातार कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं, चुनावी प्रक्रिया को सुचारु तरीके से संचालित करने के लिए निर्वाचन से जुड़े कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ मतदान केंद्रों की सुरक्षा के साथ वहां न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था की जा रही है।

*********************

रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह ने मुरी पुरुलिया और गोला सिल्ली इंटर स्टेट चेकनाका का निरीक्षण किया। उन्होंने चेक नाका पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को वाहनों की लगातार निगरानी और उसकी एंट्री रजिस्टर में करने का निर्देश दिया।

*********************

साहिबगंज जिला में लोकसभा निर्वाचन को लेकर वाहन चेकिंग अभियान निरंतर जारी है। इस कड़ी में कल मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालबथानी चेकनाका पर एक वाहन से पुलिस ने दो लाख रुपए बरामद किए। जबकि, रंगा थाना क्षेत्र में भी एक कार से एक लाख साठ हजार रुपए जब्त किए गए।

*********************

पाकुड़ जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों का प्रचार अभियान तेज हो चुका है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता

*********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दुमका सीट से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं सीता सोरेन और राजमहल सीट से निर्दलीय उम्मीदवार और विधायक लोबिन हेम्ब्रम को छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। सीता सोरेन जामा से झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक थीं, लेकिन उन्होंने इस वर्ष उन्नीस मार्च को पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ले ली थी। झामुमो ने इन दोनों के खिलाफ पार्टी विरोधी गतिविधियों तथा अनुशासनहीनता के लेकर यह कार्रवाई की।

*********************

भारतीय जनता पार्टी के विधि प्रकोष्ठ ने बोकारो के उपायुक्त सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी को हटाने की मांग की है। इस सिलसिले में प्रकोष्ठ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

*********************

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के मतदाता जागरूकता अभियान की कल शुरुआत हुई। इस अवसर पर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इस वाहन के जरिए रांची के विभिन्न इलाकों में पांच दिनों तक मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।

*********************

रांची रेल मंडल के किता– गौतमधारा रेलखंड और मुरी रामगढ़ सेक्शन में ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की वजह से आज और बीस मई को वर्द्धमान–हटिया– वर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस का बोकारो स्टील सिटी, टाटानगर –हटिया–टाटानगर एक्सप्रेस का पुरुलिया स्टेशन तथा खड़गपुर– हटिया –खड़गपुर एक्सप्रेस का आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन और प्रारंभ होगा।

*********************

राज्य में इस वर्ष आठ से सोलह जून के बीच मॉनसून के दस्तक देने की संभावना है। मौसम विभाग ने मॉनसून को लेकर जारी पहले अपडेट में बताया कि चार से पांच दिनों में मॉनसून पूरे राज्य को कवर कर लेगा। वहीं, प्रदेश में इस बार मॉनसून की अच्छी बारिश होने की संभावना है। हालांकि, मॉनसून के पहले कई जिलों में हीट वेव का असर देखने को मिलता रहेगा, लेकिन बीच–बीच में बारिश होने से गर्मी से राहत भी मिलेगी।

*********************

राजधानी रांची में चल रहे प्रथम हॉकी रांची लीग में कल महिला वर्ग के पहले मुकाबले में हॉकी गुमला ने साई, रांची को रोमांचक मैच में दो –एक गोल से पराजित कर दिया। वहीं दूसरे मैच में सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस, बरियातू रांची ने न्यू राइजिंग स्टार हुलहुन्दू पर तीन –शून्य गोल से शानदार जीत दर्ज की। आज महिला और पुरुष वर्ग में एक–एक मैच खेले जाएंगे ।इस लीग का फाइनल दो जून को होगा।

*********************

- झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची में जमीन की अवैध बिक्री से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है।
- पूर्वी सिंहभूम जिले के सुंदरनगर थाना क्षेत्र के चिरुगोड़ा के जंगल में शराब की तीन अवैध भट्टियों को आबकारी विभाग की टीम ने नष्ट कर दिया।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित विभिन्न अखबारों ने रांची में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के रोड शो से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से लिया है

प्रभात खबर की सुर्खी है रांची नगर निगम नहीं भरता अपने ही भवन का होल्डिंग टैक्स।

दैनिक हिन्दुस्तान ने लिखा है– मंत्री आलमगीर ने कमीशन के पैसों के सवाल पर साधी चुप्पी।

दैनिक भास्कर और राष्ट्रीय नवीन मेल ने झामुमो द्वारा विधायक लोबिन हेम्ब्रम और सीता सोरेन को पार्टी से निष्कासित करने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक जागरण ने हेमन्त सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत नहीं मिलने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

अंग्रजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट मामले में पुलिस के सीएम आवास पर जांच को लेकर पहुंचने की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

******समाप्त**************